भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. †*230
सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**मंदिर गलियारों और तीर्थस्थलों का पुनर्विकास**

**†*230. श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विगत दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान मंदिर गलियारों और तीर्थस्थलों के पुनर्विकास से संबंधित शुरू की गई अथवा पूरी की गई प्रमुख परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और जारी की गई तथा उपयोग में लाई गई धनराशि का ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) सरकार द्वारा विरासत संरक्षण तथा समुचित तीर्थ सुविधाओं, भीड़-भाड़ प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) पुनर्विकास से संबंधित उक्त पहलों से स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय संपर्क सुविधा में कितनी वृद्धि हुई है; और

(ङ) ओडिशा राज्य के ऐसे नए मंदिर गलियारे का ब्यौरा क्या है जिसके विकास का कार्य वर्ष 2026 के दौरान शुरू किया जाएगा?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी द्वारा मंदिर गलियारों और तीर्थस्थलों के पुनर्विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*230 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय, 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'-स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना, 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को प्रमुख तीर्थस्थलों और मंदिर के गलियारों सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के साथ-साथ उनके लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों तथा उनकी वर्तमान स्थिति के विवरण सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ग): उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न घटकों, जैसे कतार प्रबंधन परिसर, प्रतीक्षालय, अमानती सामान कक्ष, पहुंच मार्गों का चौड़ीकरण, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, फुटओवर ब्रिज, पार्किंग, पर्यटक सूचना केंद्र तथा शौचालय, कूड़ेदान, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं और समग्र तीर्थयात्री/पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने और उन्नत करने के लिए स्थल के विकास संबंधी अन्य कार्य को मंजूरी दी गई है।

तीर्थयात्रियों के लिए उचित सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ विरासत संरक्षण का संतुलन सुनिश्चित करने के लिए, उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों, संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों, स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों के परामर्श से तैयार की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, स्थायी और उत्तरदायी पर्यटन सुनिश्चित करने के लिए, स्थल की वहन क्षमता, आने वाले लोगों की संख्या, स्थानों के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और विरासत संबंधी महत्व तथा स्थानीय जनसंख्या जैसे कारकों को भी ध्यान में रखा जाता है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय की उपर्युक्त योजनाओं का उद्देश्य सुनियोजित पर्यटन अवसंरचना, बेहतर पर्यटक सुविधाएं, सुगम, स्वच्छता और अंतिम मील तक कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर पर्यटकों के तीर्थ और आध्यात्मिक अनुभव को जीवंत बनाना है। पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार सृजित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पर्यटन अवसंरचना का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाता है।

(ङ): ओडिशा राज्य में नए मंदिर गलियारे से संबंधित कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा में 326.86 करोड़ रुपये की विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और नियत शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध-I**

श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी द्वारा मंदिर गलियारों और तीर्थस्थलों के पुनर्विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*230 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**i. प्रशाद योजना के तहत पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राप्त यूसी के अनुसार उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | भौतिक प्रगति (%) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्नाटक | मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 | 13.33 | 0 | 3.63% | जारी |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 6.74 | 0 | 30.06% | जारी |
| 3. | बिहार | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 2024-25 | 13.29 | 0.00 | 0 | 0% | जारी |
| 4. | गोवा | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | 4.68 | 0 | 24.78% | जारी |
| 5. | कर्नाटक | रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 | 0.00 | 0 | 0% | जारी |
| 6. | कर्नाटक | बीदर जिले के पापनाश मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 | 6.30 | 0 | 0% | जारी |
| 7. | मिजोरम | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 5.47 | 1.56 | 0 | 24.53% | जारी |
| 8. | पुदुचेरी | श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं और पर्यटक स्थलों का विकास | 2024-25 | 25.94 | 0.00 | 0 | 0% | जारी |
| 9. | तमिलनाडु | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 | 0.00 | 0 | 3.19% | जारी |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | तेलंगाना | देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 | 0.00 | 0 | 27.50% | जारी |
| **कुल** | | | | **217.65** | **32.61** | **0** | | |

**ii. प्रशाद योजना के तहत पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में पूरी की गई परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | समापन वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राप्त यूसी के अनुसार उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | भौतिक प्रगति (%) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 2023-24 | 29.62 | 29.62 | 29.62 | 100% | पूर्ण |
| 2. | मेघालय | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 2023-24 | 29.29 | 27.78 | 27.78 | 100% | पूर्ण |
| 3. | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 2023-24 | 25.2 | 23.56 | 23.56 | 100% | पूर्ण |
| 4. | जम्मू और कश्मीर | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर का विकास | 2016-17 | 2024-25 | 40.46 | 34.30 | 34.30 | 100% | पूर्ण |
| 5. | छत्तीसगढ़ | डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छत्तीसगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 2024-25 | 48.44 | 40.19 | 31.94 | 100% | पूर्ण |
| 6. | राजस्थान | पुष्कर/ अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 2024-25 | 32.64 | 26.11 | 26.11 | 100% | पूर्ण |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 2024-25 | 37.59 | 34.64 | 30.97 | 100% | पूर्ण |
| 8. | उत्तराखंड | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 2021-22 | 2024-25 | 54.36 | 10.22 | 10.22 | पहले ही बंद कर दी गई | पहले ही बंद कर दी गई |
| 9. | पश्चिम बंगाल | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 2024-25 | 30.03 | 23.39 | 23.39 | 100% | पूर्ण |
| 10. | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 2025-26 | 49.99 | 42.55 | 34.63 | 100% | पूर्ण |
| 11. | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 2025-26 | 45.41 | 38.44 | 38.44 | 100% | पूर्ण |
| 12. | नागालैंड | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 2025-26 | 18.18 | 15.45 | 15.45 | 100% | पूर्ण |
| 13. | सिक्किम | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 2025-26 | 33.32 | 28.31 | 28.31 | 100% | पूर्ण |
| 14. | तेलंगाना | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 2025-26 | 38.9 | 33.07 | 33.07 | 100% | पूर्ण |
| | | **कुल** | | | **513.43** | **407.63** | **387.79** | | |

iii. **स्वदेश दर्शन 1.0 योजना के तहत पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में पूरी की गई परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | समापन वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राप्त यूसी के अनुसार उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | भौतिक प्रगति (%) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास (बौद्ध परिपथ) | 2017-18 | 2023-24 | 35.24 | 30.02 | 30.02 | 100% | पूर्ण |
| 2. | केरल | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास (आध्यात्मिक परिपथ) | 2016-17 | 2023-24 | 46.54 | 33.39 | 33.39 | 100% | पूर्ण |
| 3. | महाराष्ट्र | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास (आध्यात्मिक परिपथ) | 2018-19 | 2023-24 | 45.47 | 43.19 | 38.84 | 100% | पूर्ण |
| 4. | पंजाब | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - | 2018-19 | 2023-24 | 85.32 | 81.05 | 81.05 | 100% | पूर्ण |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कलानौर - पटियाला का विकास (विरासत परिपथ) | | | | | | | |
| 5. | राजस्थान | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास (कृष्ण परिपथ) | 2016-17 | 2023-24 | 75.80 | 73.85 | 73.85 | 100% | पूर्ण |
| 6. | तेलंगाना | कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे-हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास (विरासत परिपथ) | 2017-18 | 2023-24 | 96.90 | 70.61 | 70.61 | 100% | पूर्ण |
| 7. | उत्तर प्रदेश | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास (आध्यात्मिक परिपथ) | 2018-19 | 2023-24 | 18.30 | 18.12 | 18.12 | 100% | पूर्ण |
| **कुल** | | | | | **403.57** | **350.23** | **345.88** | | |

iv. **स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राप्त यूसी के अनुसार उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | भौतिक प्रगति (%) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 2023-24 | 27.22 | 2.72 | 0 | 2.65% | जारी |
| 2. | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 2023-24 | 21.65 | 2.17 | 0 | 5.23% | जारी |
| 3. | छत्तीसगढ़ | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कवर्धा | 2024-25 | 145.99 | 14.60 | 0 | 0% | जारी |
| 4. | राजस्थान | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 2024-25 | 87.87 | 8.79 | 0 | 9.65% | जारी |
| 5. | हिमाचल प्रदेश | चिंतपूर्णी | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 2025-26 | 56.26 | 5.63 | 0 | 0% | जारी |
| 6. | मध्य प्रदेश | दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 2025-26 | 44.24 | 4.42 | 0 | 3.59% | जारी |
| 7. | राजस्थान | बीकानेर जिला | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 2025-26 | 22.58 | 2.26 | 0 | 31.19 % | जारी |
| 8. | राजस्थान | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 2025-26 | 48.73 | 4.87 | 0 | 3.66% | जारी |
| **कुल** | | | | | **454.54** | **45.46** | **0** | | |

v. **सीबीडीडी योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | गंतव्य | एक्सपीरियन्सका नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राप्त यूसी के अनुसार उपयोग की गई राशि (करोड़ रुपये में) | भौतिक प्रगति (%) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अहोबिलम मंदिर | अहोबिलम - एक आध्यात्मिक यात्रा | 2024-25 | 24.99 | 2.50 | 0 | 28.58 % | जारी |
| 2. | झारखंड | रामरेखा धाम | रामरेखा धाम, सिमडेगा में पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 18.87 | 1.87 | 0 | 0% | जारी |
| 3. | केरल | वर्कला | वर्कला - दक्षिण काशी | 2024-25 | 25.00 | 2.50 | 0 | 2.29% | जारी |
| 4. | पंजाब | आनंदपुर साहिब, रूपनगर | हेरिटेज स्ट्रीट - श्री आनंदपुर साहिब, रूपनगर में शांति और सद्भाव का प्रतीक | 2024-25 | 24.90 | 2.49 | 0 | 1.31% | जारी |
| 5. | उत्तराखंड | कैंचीधाम | कैंचीधाम परिसर, कैंचीधाम का विकास | 2024-25 | 17.60 | 1.76 | 0 | 19.96 % | जारी |
| **कुल** | | | | | **111.36** | **11.12** | **0** | | |

**vi. एसएएससीआई योजना के तहत पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **जारी राशि 66% (करोड़ रु. में)** | **प्राप्त यूसी के अनुसार उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)** | **एमपीआर के अनुसार भौतिक प्रगति (%)** | **वर्तमान स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्नाटक | बेलगावी में सवादत्ती याल्लम्मागुड्डा का विकास | 2024-25 | 100.00 | 66.00 | _ | 0% | जारी |
| 2. | उत्तर प्रदेश | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 2024-25 | 74.05 | 48.87 | _ | 26.03% | जारी |
| 3. | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 2024-25 | 80.24 | 52.96 | 40.71 | 44.61% | जारी |
| **कुल** | | | | **254.29** | **167.83** | **40.71** | | |

**vii. एसीए योजना के तहत पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | क्रियान्वयन एजेंसी | एक्सपीरियन्स का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रुपये में) | प्राप्त यूसी के अनुसार उपयोग की गई राशि (करोड़ रुपये में) | भौतिक प्रगति (%) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | आईटीडीसी | गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर, जिला - अरियालुर में प्रदीप्तिकरण और संबद्ध कार्य | 2024-25 | 11.47 | 0 | 0 | 0% | जारी |
| **कुल** | | | | | **11.47** | **0** | **0** | | |

*****

**अनुबंध-II**

श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी द्वारा मंदिर गलियारों और तीर्थस्थलों के पुनर्विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*230 के भाग (ङ) के उत्तर में
**विवरण**

**i. ओडिशा में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना की सूची:**

| परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|
| पुरी में अवसंरचना विकास | (2014-15) | **50.00** | पहले ही बंद कर दी गई |

**ii. स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ओडिशा में स्वीकृत परियोजना की सूची:**

| परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|
| गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तम्पारा का विकास | (2016-17) | 70.82 | पूर्ण |

**iii. पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत ओडिशा में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|
| हीराकुंड का विकास | (2024-25) | 99.90 | जारी |
| सतकोसिया का विकास | (2024-25) | 99.99 | जारी |

**iv. अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसी को सहायता (एसीए) योजना के अंतर्गत ओडिशा में स्वीकृत परियोजना की सूची:**

| परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में) | स्थिति |
|---|---|---|
| पुरी रेलवे स्टेशन | 6.15 | पूर्ण |

*****